# अर्थशास्त्र विभाग

र्थशास्त्र परिषद् का गठन :–

**अध्यक्ष** – कु. ललिता रजक, **उपाध्यक्ष** – कु. ऐश्वर्या यादव एवं कु. काजल साहू ,
**सचिव** – कु. प्रियंका, **सह–सचिव** – शेषलाल एवं कु. ईश्वरी शर्मा

विभाग के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.पी. कुर्रे, मुख्य अन्वेषक एवं मार्गदर्शक के द्वारा एक परियोजना का प्रतिवेदन भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को सितंबर 2019 में भेजा गया, शीर्षक था :– **"छत्तीसगढ़ के दुर्ग संभाग के मतदाताओं के ज्ञान, अभिवृत्ति एवं अभ्यास का एंड लाईन सर्वेक्षण"** लोकसभा निर्वाचन 2019, इस शोध परियोजना के लिये 6.40 लाख रुपये की राशि प्राप्त हुई थी।

. डॉ. सुमीता श्रीवास्तव सहायक प्राध्यापक ने हिसार विश्वविद्यालय हिसार में दिनांक 29–31 दिसंबर 2019 को आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शोध पत्र प्रस्तुत किया। इसी प्रकार शासकीय कमला देवी राठी महिला महाविद्यालय, राजनांदगांव में आयोजित शोध संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया गया।

3. डॉ. महेश श्रीवास्तव सहायक प्राध्यापक ने पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा दिनांक 27–29 दिसंबर 2019 के The Indian Economic Association के 102 वें अधिवेशन में सहभागिता की एवं IEA द्वारा Published Journal esa " The Status of Employment in Tribal Handicraft in Chhattisgarh" शीर्षक से शोध पत्र का प्रकाशन हुआ।

4. इस सत्र में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा डॉ. चन्द्रिका नाथवानी शोध निर्देशक के एक शोधार्थी को तथा डॉ. महेश श्रीवास्तव शोध निर्देशक के एक शोधार्थी को पीएच.डी. की उपाधि दी गई। वर्तमान में अर्थशास्त्र शोध केन्द्र में 03 शोध निर्देशक हैं जिनके मार्गदर्शन में 07 शोधार्थी शोध कार्य कर रहे हैं।

Scanned with OKEN Scanner